दिनांकः 25 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

## 10 करोड़ से नाथ चंद्रावत छात्रावास का होगा आधुनिकीकरण, तैयार होगी अत्याधुनिक मेस

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के नाथ चंद्रावत छात्रावास को ₹10 करोड की राशि खर्च कर व्यापक स्तर पर मरम्मत एवं आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस कार्य के लिए एस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजा गया है तथा विश्वविद्यालय भी अपने संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। विश्वविद्यालय के इस सबसे बड़े छात्रावास में एक अत्यंत आधुनिक मेस एवं किचन का भी निर्माण किया जाएगा। यह कॉमन मेस एवं किचन होगा। और यही से खाना तैयार कर बाकी छात्रावासों आर पी शुक्ला छात्रावास, विवेकानंद छात्रावास तथा कबीर छात्रावास में भेजा जाएगा। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को सब्सिडाइज फूड देने की व्यवस्था कर रहा है तथा छात्र हित की इस व्यापक योजना को दो चरण में क्रियान्वित करने जा रहा है।

पहले चरण में मेस का संचालन नो–प्रॉफिट,नो–लॉस के आधार पर किया जाएगा।

दूसरे चरण में नाथ चंद्रावत छात्रावास में बनने वाली आधुनिक मेस एवं किचन का इस्तेमाल कर विश्वविद्यालय 10 रूपये में एक समय का खाना उपलब्ध कराने की योजना का क्रियान्वयन करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय एवं अदम्य चेतना फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। अनुबंध के तहत विश्वविद्यालय किचन की व्यवस्था मुहैया कराएगा। जिसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से तैयारी की जा रही है। इस योजना पर आने वाली सब्सिडी के लिए विश्वविद्यालय ने शासन को भी पत्र लिखा है। आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय अपने संसाधनों का भी प्रयोग करेगा। विश्वविद्यालय इस योजना को अतिशीघ्र शुरू करने के लिए प्रतिबंध है तथा सारी तैयारी पूरी करने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे अतिशीघ्र लांच करेगा।

Media and Public Relations Office.
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur